दिनांक 19.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान — स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम आयुक्त श्री एस0के0सुंदरानी के आदेशानुसार आदर्श मतदान केंद्र मे वृहद साफ– सफाई, भवनो को फूलों से सजाने के साथ–साथ निर्वाचन आयोग के गाईड लाइन अनुसार व्यवस्थाएं की गई।

भिलाईनगर/ निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अधिक से अधिक मतदान हो इस उद्देश्य को लेकर मतदाता में जागरूकता ले जाने के उद्देश्य से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आदर्श मतदान केंद्र की स्थापना किए जाने का निर्देश प्राप्त हुआ था आदर्श मतदान केंद्र में भवनों के साज सज्जा फूलों से सजाना, मतदाता हेतु मेड बिछाया जान,ा साफ सफाई, पानी, बिजली, ठहरने की समुचित व्यवस्था, शौचालय की सफाई, मतदान के अंदर एवं बाहर स्वच्छता बनी रहे सहित आवश्यक अन्य व्यवस्थाएं पूर्ण किए जाने का निर्देश था।

नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी के द्वारा आज निगम क्षेत्र के अंतर्गत दुर्ग ग्रामीण, विधानसभा भिलाई नगर विधानसभा एवं वैशाली नगर विधानसभा में बनाए गए मतदान केंद्र में आदर्श मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मतदान दल के पीठासीन अधिकारी सहित संलग्न अन्य कर्मचारियों से मुलाकात कर व्यवस्था के संबंध में चर्चा की निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को एवं जोन आयुक्त को निर्देशित किया गया वे समुचित साफ–सफाई व्यवस्था के संबंध में संतुष्टि प्रमाण पत्र पीठासीन अधिकारी से प्राप्त कर जमा करें ।

निगम भिलाई द्वारा बीएसपी इंग्लिश पूर्व माध्यमिक शाला, बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 4, बीएसपी अंग्रेजी पूर्व माध्यमिक शाला सेक्टर 9, बीएसपी पूर्व माध्यमिक शाला सेक्टर 4, केपीएस स्कूल, शंकरा महाविद्यालय, जोन 1 कार्यालय में बने आदर्श मतदान केंद्र ताल पुरी डीपीएस रिसाली, सेक्टर 5 इंग्लिश मीडियम स्कूल को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है । जहां प्रभारी अधिकारी के द्वारा आयोग द्वारा दिए निर्देश अनुसार समुचित व्यवस्था की गई है तथा शेष मतदान केंद्र में भी साफ सफाई, पेयजल, बिजली सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं लगभग पूर्ण की जा चुकी है। जिन मतदान केंद्र के कार्य पूर्ण हो चुके हैं वहां के पीठासीन अधिकारी के द्वारा कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र दिए जा रहे हैं।

जनसंपर्क अधिकारी